卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 358 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦6 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सड़क हादसे में दो पुलिस कर्मियों सहित तीन की मौत



चमोली (उद संवाददाता)। बदरीनाथ हाईवे पर चमोली के बिरही में एक टेम्पो ट्रैवलर और एक बाइक की भीषण टक्कर हो गई। इस दौरान हादसे में दो पुलिस कर्मियों सहित तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा ओवरटेक के चक्कर में हुआ। घटना से मृतकों के परिवार में कोहराम मचा है। घटना सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे की है। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार तीन युवक पीपलकोटी से चमोली की ओर आ रहे थे। बाइक पर सवार दो पुलिस कर्मी थे जबकि एक स्थानीय युवक था। बाइक टेम्पो ट्रैवलर को ओवरटेक कर रही थी कि इस दौरान हादसा हो गया। हादसे में तीनों बाइक सवार टैम्पो के नीचे कुचल गए। हादसे में स्थानीय युवक चमोली निवासी दीपक कुमार पुत्र शिवनाथ के अलावा दो पुलिस कर्मी सचिन और मनवीर की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। बताया जा रहा है कि बाइक सवार नशे में थे। (शेष पृष्ठ सात पर)

## रेलवे स्टेशन के कंप्रेसर रूम में आग से लाखों की क्षति

### अग्निकाण्ड से स्टेशन पर मचा हड़कम्प

लालकुआं(उद संवाददाता)। रेलवे स्टेशन में फिटलाइन के समीप स्थित कंप्रेसर रूम में अचानक लग गई। जिससे मौके पर हड़कम्प मच गया। आनन फानन में आग बुझाने की कार्रवाई शुरू हुयी। तब तक लाखों रुपए की रेल संपत्ति जलकर राख हो चुकी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम रेलवे स्टेशन के पिट लाइन के समीप स्थित कंप्रेसर रूम में से तेज आग की लपटें निकलने लगी। अफरा-तफरी के माहौल के बीच रेल कर्मियों ने आग बुझाने की कार्यवाही शुरू की। वहीं उक्त कंप्रेसर रूम से 10 मीटर की दूरी में स्थित यार्ड में खड़ी आईओसी डिपो को पेट्रोलियम पदार्थ लाने वाली रेलगाड़ी को आनन-फानन में वहां से हटाया गया तथा डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। रेलवे सूत्रों के मुताबिक उक्त कंप्रेसर रूम में रखें लाखों रुपए के रेल उपकरण जलकर राख हो गए हैं। जिसकी सूचना मंडल मुख्यालय को दे दी गई है। इधर रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक पुष्कर सिंह ने कहा कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

## झोपड़ियों में आग लगने से दो मवेशी जिंदा जले, सामान भी राख



किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुनहरा वार्ड नंबर 2 में अज्ञात कारणों से लगी आग से दो जानवरों सहित हजारों का कीमती सामान स्वाह हो गया चार अन्य जानवर झुलस गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनेरा वार्ड नंबर दो में धनंजय पुत्र राजदेव यादव और कुश यादव की झोपड़ियों में आग लग गई जिसमें धनंजय,कुश यादव के एक एक पशु जल गया तथा दो-दो झुलस गए।इसके अलावा बर्तन आनाज एवं दस हजार की नगदी भी आग की भेट चढ़ गई। क्षेत्र की राजस्व निरीक्षक तनुजा, (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक साल बाद मिले जवान के शव देख बिलख उठे परिजन

### हिम स्खलन में हुए थे लापता, सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

ऋषिकेश (उद ब्यूरो )। उत्तरकाशी के द्रौपदी का डांडा-2 चोटी आरोहण के दौरान हिमस्खलन में लापता निम के प्रशिक्षु पर्वतारोही नौसेना में नाविक विनय पंवार का शव एक साल बाद बरामद हुआ। एक साल बाद बेटे के शव को देख परिजन बिलख पड़े। शुक्रवार सुबह नाविक विनय का शव प्रशासन व नौसेना के अधिकारी हरिद्वार के हरिपुरकलां स्थित उनके आवास पर लेकर पहुंचे। यहां पार्थिव शरीर को केवल दस मिनट के लिए रखा गया। इसके बाद खड़खड़ी शमशान घाट पर सैन्य सम्मान के साथ पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले सेना के जवानों ने



सलामी दी। बता दें बीते साल नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) के एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स के करीब 34 प्रशिक्षुओं का दल डोकरानी बामक ग्लेशियर क्षेत्र से लगी द्रौपदी का डांडा-2 चोटी आरोहण के लिए गया था जो आरोहण के दौरान हिमस्खलन की चपेट में आ गए थे। हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें दो प्रशिक्षु लापता चल रहे थे। इनमें नौसेना में नाविक विनय पंवार व आर्मी मेडिकल कोर में चिकित्सक लेफ्टिनेट कर्नल दीपक वशिष्ट शामिल थे। चार अक्तूबर को हादसे की बरसी के दिन दोबारा से चोटी आरोहण के लिए पहुंचे निम के दल ने लापता प्रशिक्षुओं में से एक का शव क्रैवाश से बरामद किया। सूचना पर पहुंचे नौसेना ने पुलिस से शव लेने की कार्रवाई पूरी की। निम के उप प्रधानाचार्य मेजर देवल वाजपेयी ने बताया कि दूसरे लापता प्रशिक्षु पर्वतारोही की भी तलाश की जा रही है।बता दें कि पिछले साल पूरा परिवार बेटे विनय की शादी की तैयारियों में लगा था, तब उसके हिमस्खलन हादसे में लापता होने की खबर आई थी।

## महिला से छेड़छाड़ कर रहा युवक पुलिस को सौंपा

काशीपुर (उद संवाददाता)। आपराधिक तत्वों के हौसले इस कदर बढ़ते जा रहे हैं कि वह अब बाजार में खरीददारी करती महिलाओं से छेड़छाड़ कर उनकी वीडियो बनाने में भी कोई झिझक महसूस नहीं कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। बाजार में फल ठेले पर सामान खरीद रही एक महिला से छेड़छाड़ कर एक युवक वीडियो बनाने लगा। विरोध करने पर वह अभद्रता पर उतर आया। बाद में लोगों की मदद से युवक को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर महिला(शेष पृष्ठ सात पर)

## खुली हवा में घूम रहा है लव जिहाद का आरोपी

### आईटीआई थाना क्षेत्र से बिहार भगा ले गया था किशोरी को

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में लव जिहाद का एक ऐसा मामला घटित हुआ है जिसमें पुलिस ने नाबालिग किशोरी को तो बरामद कर लिया लेकिन किडनैपिंग का अभियुक्त आज भी खुली हवा में घूम रहा है। ज्ञातव्य है कि मूल रूप से पौड़ी गढ़वाल तथा हाल वैशाली कॉलोनी थाना आईटीआई निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री बीते 23 सितंबर को बगैर किसी को कुछ बताएं अचानक घर से लापता हो गई। इस दौरान तमाम संभावित स्थानों पर तलाश की बाद भी गायब किशोरी का कहीं कोई पता नहीं चला तो परिजनों को अनहोनी की चिंता सताने लगी। इसी बीच अचानक एक अक्टूबर को गायब किशोरी का फोन अचानक मां के मोबाइल पर आया। उसने मां को बताया कि वह बिहार (शेष पृष्ठ सात पर)

### पुलिस के खिलाफ बढ़ रहा आक्रोश

काशीपुर। किशोरी को बहला फुसलाकर आईटीआई थाना क्षेत्र से भगा ले जाने वाला प्रकरण देखा जाए तो बेहद पेचीदा है। घटना के बाद गायब किशोरी की मां को कार्यवाही के लिए तमाम चक्कर लगाने पड़े। सुनवाई नहीं होने की स्थिति में पर्वतीय समाज के लोगों ने एक जुटता दिखाई। गायब किशोरी को पुलिस ने बीते दिवस सकुशल बरामद किया है लेकिन फरार अभियुक्त की गर्दन तक कानून के हाथ नहीं पहुंचने के कारण वर्ग विशेष में पुलिस के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।

## ऐतिहासिक होगा प्रधानमंत्री मोदी का दौरा: गणेश जोशी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी शुक्रवार को हल्द्वानी में भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। जहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने चार दिवसीय



पिथौरागढ़ दौरे से लौटने के बाद हल्द्वानी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 12 अक्टूबर को जनपद पिथौरागढ़ के प्रस्तावित दौरे को लेकर उन्होंने पिथौरागढ़, लोहाघाट, जागेश्वर आदि प्रस्तावित स्थानों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पूरा प्रदेश उनके आगमन को लेकर उत्साहित है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, चंपावत सभी जनपदों में सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। पार्टी स्तर पर भी कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे पहले जागेश्वर,(शेष पृष्ठ सात पर)

## गदरपुर में धूमधाम से निकली श्रीराम ध्वज यात्रा

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्रीरामलीला के शुभारम्भ से पूर्व श्री रामलीला कमेटी अनाज मंडी द्वारा नगर में श्रीराम ध्वज की ढोल नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। बाद में ध्वज को श्रीरामलीला भवन अनाज मंडी में स्थापित किया



गया। शुक्रवार को श्रीरामलीला कमेटी अनाज मंडी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज के नेतृत्व में मुख्य बाजार स्थित पुरातन श्री धर्म मंदिर में पूजा अर्चना की गयी। इसके उपरान्त ढोल नगाड़ों के साथ श्रीराम ध्वज की शोभायात्रा निकाली (शेष पृष्ठ सात पर)

## रामलीला ग्राउण्ड में 11 लाख के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शहर की मुख्य बस स्टैंड वाली रामलीला के मंचन के तहत आज श्री रामलीला कमेटी एवं 11 लाख के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया। भूमि पूजन के लिए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पंच मंदिर के अरोड़ा एवं श्री हनुमान जी का किरदार निभा रहे सुशील गाबा ने समस्त पदाधिकारियों एवम कलाकारों के साथ मंच पर सौंदर्यीकरण कार्यो का शिलान्यास भी किया। भूमि पूजन के अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के सरपरस्त किच्छा






श्री राम नाटक क्लब के सदस्यों ने विधिवत भूमि पूजन किया। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा ने रामलीला ग्राउण्ड में पंडित ओमप्रकाश द्वारा धार्मिक मंत्रोच्चार के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। श्री रामचंद्र जी का किरदार निभा रहे मनोज पुष्प, रौली मौली के साथ विधिवत पूजन अर्चन किया । वहीं इस मौके पर विधायक शिव अरोरा ने ने 11 लाख के विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले पुरातन सनातन (शेष पृष्ठ सात पर)

# कुमाऊं मंडल में धार्मिक पर्यटन को मिलेगा विकास का नया आयाम





ऊधमसिंहनगर(उद ब्यूरो)। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं। 12 अक्टूबर से दो दिन पीएम मोदी कुमाऊं दौरे पर रहेंगे। पीएम कुमाऊं मंडल के तीन जिलों पिथौरागढ़, चंपावत और अल्मोड़ा के दौरा करेंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर



खूब चर्चाएं हो रही हैं। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी का ये दौरा कुमाऊं के लिए काफी अहम होने वाला है। पीएम मोदी जागेश्वर धाम पहुंचेगे और फिर पिथौरागढ़ जायेगे। माना जा रहा है कि पीएम मोदी का ये दौर कुमाऊं में पर्यटन और तीर्थाटन के क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित करेंगे। उत्तराखंड के कुमाऊ मंडल में राज्य की धामी सरकार ने मानसखंड कॉरीडोर के तहत धार्मिक पर्यटन स्थलों को विकसित करने का संकल्प लिया है। ऐसे में इस वर्ष पीएम मोदी 12 अक्टूबर को उत्तराखंड में कुमाऊं मंडल के दौरे पर आ रहे हैं। क्योंकि पीएम मोदी के दौरे से देश ही नहीं विदेशों में भी उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल की आध्यात्मिक यात्रा से सीधा

**❑पीएम मोदी की आध्यात्मिक यात्रा लेकर खूब हो रही चर्चाएं : जागेश्वर धाम में पूजा और ऊं पर्वत, आदि कैलाश के दिव्य दर्शन कर चंपावत में करेंगे रात्रि विश्राम**

**❑मानसखंड कॉरीडोर के विकास से इंटरनेशनल डेस्टीनेशन के रूप में विकसित होगा कुमाऊं मंडल,सुविधाएं बढ़ने से देश और विदेश के पर्यटक होंगे आकर्षित**

संदेश जाएगा। हांलाकि पीएम नरेंद्र मोदी पिछले लोकसभा चुनाव के बाद विधनसभा चुनाव में अल्मोड़ा पहुंचकर जनसभा की थी। यहां उन्होंने मंच से न्याय के देवता गोल्ज्यू को प्रणाम कर न सर्फि जागेश्वर धाम बल्कि क्षेत्र के विकास एवं पौराणिक मंदिरों के विकास के लिये भरपूर सहयोग देने का वायदा किया था। सीएम धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल मानसखंड कॉरीडोर में शामिल प्रमुख धार्मिक स्थलों व प्राचीन मंदिरों को संरक्षित और विकसति करने के लिये सड़क मार्गो का विकास सबसे अहम है। सरकार को केंद्र सरकार से इस योजना के लिये आर्थिक मदद मिलेगी तो निश्चित तौर पर कुमां मंडल मे धार्मिक पर्यटन के लिये पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। कुमांऊ मंडल के सीमांत क्षेत्रों में सड़क,शिक्षा, स्वास्थ्य और नेटवर्क की मूलभूत समस्याओं को व्यपक स्तर पर दूर करने की जरूत है। बहरहाल पीएम मोदी का ये दौरा कुमाऊं को तीर्थाटन व पर्यटन के लिए एक इंटरनेशनल डेस्टीनेशन बनाने का काम करेगा। माना जा रहा है कि पीएम मोदी का दौरा बेहद ही सुस्त पड़ी कुमाऊं की अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ लेगी। कुमाऊं में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और पूंजी निवेश भी बढ़ेगा। पीएम



पौराणिक जागेश्वर धाम ज्योतिलिंग एवं मंदिर समूह

मोदी का दौरा सिर्फ इसलिए खास नहीं है क्योंकि इस से दुनिया में सुरक्षित कुमाऊं का संदेश जाएगा। बल्कि इस से कुमाऊं मंडल के हिमालय श्रंखला में शामिल अलौकिक एवं विहंगम ऊं पर्वत,आदि कैलाश, कैलाश मानसरोवर, जागेश्वर धाम जैसे तीर्थ स्थलों की सीध` दुनिया में ब्रांडिंग हो जाएगी। पीएम के दौरे को लेकर दरमा, व्यास, चौंदास घाटी के लोगों के साथ ही पूरे कुमाऊं के लोग काफी उत्साहित हैं। श्री आदि कैलाश यात्रा के दौरान पर्यटकों को जोर्गलिंगकोगं मे आदि कैलाश के दर्शन के बाद से ऊँ पर्वत के दर्शन के लिए जाते समय वापिस कुटी,नाबी, गुंजी और कालापानी (काली नदी का उद्गम स्थल )के सुंदर अतिसुंदर प्राकृतिक दृश्यो के आन्नद लेते हुए आध्यात्म की अदभुद अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री का ये दौरा सामरिक रूप से भी काफी महत्वपूरण है। दरअसल पीएम चीन सीमा से मात्र कुछ किमी की दूरी पर पर ही रहेंगे। ऐसे में पूरी दुनिया में भारत की बढ़ती शक्ति का संदेश जाएगा। इसके साथ ही कुमाऊं में जागेश्वर सबसे बड़ा शिव धाम है। लेकिन फिर भी यहां श्रद्धालुओं की संख्या काफी कम है। इसके साथ ही यहां पर आदि कैलाश, ऊं पर्वत है। पहले सड़क ना होने के कारण यहां की यात्रा काफी कठिन थी। लेकिन अब सारी सुविधाएं है। लेकिन फिर भी गढ़वाल के मुकाबले यहां काफी कम लोग पहुंचते हैं। जिसके चलते सरकार इसे शिवा तीर्थ सर्किट बनाकर प्रमोट करने जा रही है। जिससे देश विदेश के पर्यटक यहां पहुंचने के लिये आकर्षित होंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड में हर वर्ष विशेष यात्रा पर पहुंचते रहे है। चारधाम यात्रा पर वह पारम्परिक रूप से दर्शन करने पहुंचते है। पीएम मोदी अपने कार्यकाल में नौ बार श्री केदारनाथ और दो बार बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने पहुंचे है। उत्तराखंड को टयूरिज्म और फिलमांकन का केंद्र बनाने के लिये धामी सरकार भी भरसक प्रयास करने जुटी हुई है।



स्वामी विवेकानंद की तपस्थली (अद्यैत आश्रम मायावती)

## अल्मोड़ा पहुंचे जोशी ,व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं रेखा आर्य ने कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जागेश्वर भ्रमण के संभावित दौरे को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हेलीपैड, मार्ग समेत सभी व्यवस्थाओं को नियमानुसार पुख्ता बनाए रखना सुनिश्चित करें। प्रेस को दिए गए बयान में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पिथौरागढ़ में आयोजित होने वाली जनसभा के लिए उन्हें प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इसलिए वह जिलों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं बल्कि विश्व के नेता हैं। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, उस क्षेत्र का पर्यटन की दृष्टि से तेजी से विकास होता है । उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे तथा इस जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी तत्परता से लगे हुए हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि पिथौरागढ़ में होने वाली जनसभा में जाने के लिए लोग उत्सुक हैं तथा इस संबंध में किए जाने वाली तैयारियों को लेकर वें लगतार तत्परता से कार्यों में जुटी हुई हैं।इस दौरान विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।







## पीएम मोदी के दौरे को लेकर जागेश्वरधाम में तैयारियां तेज

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। पीएम मोदी के पिथौरागढ़ दौरे को प्रशासन तैयारियों में जुटा है। वहीं जागेश्वर धाम परिसर में साज सज्जा और फूलमालाओं से सुसज्जित करने के लिये कर्मचारी व्यवस्थाओं में जुटे हुए है। विद्युत व्यवस्था एवं रंग रोगन किया जा रहा है। यहां सड़क को डामर से चकाचक किया दिया। वहीं बीजेपी ने भी अपनी कमर कस ली है। गुरुवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पिथौरागढ़ पहुंचकर जागेश्वर धाम का निरिक्षण किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी जागेश्वर के शौकियाथल पहुंचे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री के जागेश्वर के संभावित दौरे के लेकर जो तैयारियां प्रशासन द्वारा की जा रही हैं, उसका जायजा मंत्री द्वारा लिया गया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने शोकियाथल पहुंचकर हेलीपैड की व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, ब्लॉक प्रमुख समेत अन्य अधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# रूद्रपुर में उजाड़े गये व्यापारियों के पुनर्वास को लेकर किया मंथन

## व्यापारियों ने मोदी मैदान में गंगापुर रोड अथवा शिवनगर मोड़ पर दुकानें आवंटित किये जाने का सुझाव दिया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जी-20 बैठक के दौरान नैनीताल रोड से उजाड़े गये व्यापारियों ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में मेयर रामपाल सिंह और मुख्य नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल से मुलाकात कर व्यापारियों के पुनर्वास को लेकर चर्चा की। इस दौरान व्यापारियों ने पुनर्वास के लिए कुछ स्थानों का सुझाव दिया जिस पर मेयर और नगर आयुक्त ने सुझाये के स्थानों को लेकर जिलाधिकारी से चर्चा कर प्रस्ताव बनाने का आश्वासन दिया। बता दें जी-20 की बैठक के चलते सड़क चौड़ीकरण के लिए बीते मार्च माह में नैनीताल हाईवे से सैकड़ों व्यापारियों को उजाड़ दिया गया था। जिनका अभी तक पुनर्वास नहीं हो पाया है। व्यापारी लगातार पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। गुरूवार को प्रभावित व्यापारियों ने भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा से पुनर्वास की गुहार लगायी। जिस पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने व्यापारियों को लेकर मेयर रामपाल सिंह और मुख्य नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल के पास पहुंच गये। मुलाकात के दौरान सभी ने व्यापारियों के पुनर्वास को लेकर गंभीरता से मंथन किया। व्यापारियों ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए कहा कि उनकी दुकानें टूटने से भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। कुछ व्यापारियों ने बताया कि आय का स्रोत बंद होने से उन पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। मेयर ने व्यापारियों के पुनर्वास को लेकर स्थान चिन्हित किये जाने पर चर्चा की। उन्होंने व्यापारियों से सुझाव भी लिये। जिस पर व्यापारियों ने मोदी मैदान में गंगापुर रोड पर या फिर शिवनगर मोड़ पर दुकानें आवंटित किये जाने का सुझाव दिया। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि व्यापारियों ने जो दो स्थानों का सुझाव दिया है उनके साथ साथ कुछ और स्थानों के सुझाव लेकर जिलाधिकारी से वार्ता की जायेगी और जिला प्रशासन की सहमति से व्यापारियों के पुनर्वास के लिए प्रस्ताव बनाया जायेगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि मामले को लेकर वह मुख्यमंत्री से भी वार्ता करेंगे और व्यापारियों के पुनर्वास के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। इस दौरान इंद्रजीत सिंह, जगजीत सिंह, हर्ष रावल, राजू जोशी, नरेंद्र चावला, नवीन तीवेतिया, पप्पू, अमन बंसल, हरीश जुनेजा मोहम्मद इस्लाम, इंद्रजीत सिंह रिंकू समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।



# पुरानी और नई मंडी में अनाज खरीद शुरू

गदरपुर(उद संवाददाता)। नवीन अनाज मंडी के शुभारंभ के उपरांत मंडी समिति सचिव द्वारा आढ़ती व्यापारियों को नवीन मंडी में शिफ्ट किए जाने के आदेश का व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया। व्यापारियों के समर्थन में व्यापार मंडल ने सहयोग देते हुए सभी आढ़ती व्यापारियों को एक साथ नवीन मंडी में शिफ्ट होने का ऐलान किया। विगत देर शाम व्यापारियों ने बैरिकेड लगाकर पुरानी अनाज मंडी का रास्ता बंद कर दिया और प्रदर्शन करते हुए कहा जब तक नवीन अनाज मंडी में सभी व्यापारियों को दुकान अलाट नहीं हो जाती तब तक पुरानी अनाज मंडी में ही व्यापार किया जाएगा। व्यापारियों का कहना था, मात्र 52 दुकान ही बनकर तैयार हुई है जबकि शेष व्यापारी कहां व्यापार करेंगे? उनका कहना था जब तक सभी व्यापारियों को दुकानों का अलॉटमेंट नहीं हो जाता तब तक यही व्यापार होगा सभी दुकानों का निर्माण कार्य पूरा होने और अलॉटमेंट पूर्ण होने पर सभी आढ़ती व्यापारी इकट्ठे ही नवीन अनाज मंडी में पहुंचेंगे वहीं कई व्यापारियों ने दोनों जगह का किराया वसूल किए जाने पर आर्थिक उत्पीड़न के आरोप लगाए। वहीं व्यापारियों ने नई और पुरानी अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू कर दी है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद रही।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-245817

# हरि कृपा आश्रम रामनगर में विराट धर्म सम्मेलन 15 से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम कामां के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में आगामी 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के अवसर पर विश्व कल्याण, राष्ट्र समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर श्री दिव्येश्वर महादेव मंदिर, श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट, रामनगर में विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए हरि भक्तों ने बताया कि 15 अक्टूबर दिन रविवार को प्रातः 7 बजे से कलश स्थापना, पूजन यज्ञ व अनेक अनुष्ठान संपादित किए जाएंगे। 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक प्रतिदिन 7 बजे तथा सायं 6 बजे से दुर्गा पूजन यज्ञ व अनुष्ठान किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रातः 10 बजे से रामचरित मानस नवान्ह पाठ एवं नित्य सायं 4 बजे से 5:30 बजे तक श्री महाराज जी के प्रवचन होंगे। 24 अक्टूबर दिन मंगलवार को प्रातः 8 बजे से पूजन, यज्ञ व हवन, प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक विराट धर्म सम्मेलन तथा प्रवचन, दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक विशाल भंडारा तथा अंत में 5 बजे कन्या पूजन किया जायेगा। हरि भक्तों ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में शामिल होकर गुरु जिला आर्शीवाद एवं धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# मरीजों को फल वितरित किये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने संयुक्त ब्राह्मण महासभा उत्तराखंड एवं श्री श्याम मित्र मण्डल समिति के साथ स्वर्गीय पंडित सत्यनारायण शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उन्हें उचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान ब्राह्मण महासभा के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष रामकिशन शर्मा, महानगर अध्यक्ष नितिन कौशिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज, पुनीत तिवारी, नगर संगठन मंत्री आशुतोष शर्मा, देवेंद्र कौशिक, ललित शर्मा, रजत दीक्षित, हर्ष रावल, राजू जोशी, शिवेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद नगर निगम ने कर दी खानापूर्ति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आदर्श कालोनी में बंद पड़ी नालियों की सफाई के लिए सीएम पोर्टल पर गुहार लगाने के बाद नगर निगम कर्मचारियों ने सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर दी। मामले को लेकर अब जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गयी है। आदर्श कालोनी, वार्ड न0-30 निवासी राम विलास गुप्ता पुत्र दीनानाथ गुप्ता ने जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि मोहल्ले में सड़क की दोनों ओर बनी नालियों की कई वर्षों से कोई सफाई नही हुई है इस सम्बंध में कई बार लिखित रूप में मेयर व मुख्य नगर अधिकारी को अवगत कराया लेकिन कोई कार्य वाही नही हुई। नालियों की सफाई ना होने के कारण मोहल्ले में अत्यन्त दुर्गंध फैल रही है। जिस कारण मोहल्ले में रहना दुश्वार हो गया है और नालियों में पानी जमा होने के कारण मोहल्ले में अत्यधिक मच्छर पैदा हो गये है जिससे मोहल्ले में गम्भीर बीमारिया फैल रही है और मोहल्ले में लोग मलेरिया, डेंगू, टाईफाईड जैसे गम्भीर रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। नगर निगम द्वारा कोई सुनवाई नहीं होने पर मजबूर होकर शिकायत सी०एम० पोर्टल पर भी डाली गयी। वहां से दबाव पड़ने पर नालियों की सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर दी गयी। नालियों की स्थिति आज भी जस की तस है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मोहल्ले की नालियों की तलीझाड़ सफाई की गुहार लगायी है।

# नशीले इंजेक्शनो की खेप के साथ सौदागर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान नशे के इंजेक्शनों की खेप के साथ एक सौदागर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में बनभूलपुरा थाना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे नशीले इंजेक्शनों के एक सौदागर को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अजीम अली, निवासी जवाहर नगर गौला गेट बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 19 इंजेक्शन बरामद हुए। आवश्यक पूछताछ करने के बाद पुलिस ने इंजेक्शन कब्जे में लेकर अजीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, उनि. संजीत राठोड, कानि. भूपेन्द्र जेष्ठा, मो० यासीन, सुनीत कुमार व लक्ष्मण राम शामिल थे।



# सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी पर भड़के कार्यकर्ता

देहरादून (उद संवाददाता)।आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आर पी रतूड़ी के नेतृत्व में लैंसडाउन चौक पहुंच कर जोरदार नारेबाजी की तत्पश्चात केंद्र सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान पार्टी के उपाध्यक्ष डॉ आरपी रतूड़ी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करवाकर अपना तानाशाही चेहरा जनता के सामने दिखाया है। इस दौरान पार्टी उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ई डी को आगे कर आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेताओं को एक-एक करके टारगेट की राजनीति करते हुए गिरफ्तार कराया जा रहा है। इस दौरान पार्टी उपाध्यक्ष आजाद अली ने भी केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। वहीं गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि देश में इस वक्त जो माहौल है उससे न सिर्फ संविधान बल्कि लोकतंत्र भी खतरे में है और भाजपा सरकार द्वारा आप नेताओं पर योजना बद्ध तरीके से प्रहार किया जा रहा हैं। इस दौरान प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष हिम्मत सिंह बिष्ट, प्रदेश संगठन सह समन्वयक डीके पाल प्रदेश सचिव नासिर खान ,रिहाना परवीन ,सीमा कश्यप विपिन खन्ना , कमलेश रमन, दर्शन डोभाल, श्यामबाबू पांडे, अशोक सेमवाल, शहजाद, सुदेश सैनी ,सुशील सैनी ,राजबीरी शर्मा, सुनीता बिष्ट, दीप्ति रावत बिष्ट ,सी पी सिंह, इकबाल राव ,भजन सिंह, सतीश शर्मा, मुकेश ,संध्या चौटाला, यामिनी आले, सरिता गौतम ,आयशा खान, इकबाल टकला, राजीव तोमर, वसीम खान आदि मौजूद रहे।



# इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में स्पैल बी प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में स्पैल बी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता को तीन चरणों में विभाजित किया गया था। प्रथम चरण स्पैल दि वर्ड था जिसमें विद्यार्थियों को अंग्रेजी के शब्द दिए गए और उनसे वर्तनी पूछी गई। द्वितीय चरण में स्लाइड शो द्वारा विद्यार्थियों को कई शब्द दिए गए और उसमें विद्यार्थियों को सही वर्तनी का चयन करना था। तृतीय चरण में दिए गए गलत वर्तनी शब्दों को सही वर्तनी बनानी थी। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 6 में श्रेयांश डंगवाल ने प्रथम, अनमोल सिंह कुत्याल द्वितीय व उमीका जौहर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 में यश सिंह और प्रियांशी कोरंगा ने प्रथम अनन्या बिष्ट और प्रज्ञान सिराव द्वितीय तथा अबीर दयाल सक्सेना और खुशी जोशी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 में सुबोध राना ने प्रथम, हृद्रदीप, कुमारी विनीता एवं यमुना ने द्वितीय तथा श्रेया नेगी चिन्मय बिष्ट एवं अबान अब्दुल्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर एवं उप-प्रधानाचार्य श्रीमती ममता तनेजा ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर संबोधित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती उर्मी रैना ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएँ श्रीमती संगीता खोलिया, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, श्रीमती संतोष रावत एवं सुश्री रिंकी बिष्ट आदि मौजूद रहे।



# सरकार हर व्यक्ति को दे रही उच्च स्वास्थ्य सेवाएं: कौशिक

## पं. सत्यनारायण शर्मा की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आयोजित





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के पूर्व काबीना मंत्री मदन कौशिक ने अच्छी सेहत पर सभी नागरिकों का अधिकार बताते हुए कहा कि सरकार हर व्यक्ति को उच्च स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। ब्राह्मण महासभा के संस्थापक सदस्य पंडित सत्यनारायण शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर संयुक्त ब्राह्मण महासभा एवं श्याम मित्र मंडल द्वारा गत दिवस सिटी क्लब में आयोजित एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच तथा रक्तदान शिविर का बतौर मुख्य अतिथि कौशिक ने उद्घघाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार द्वारा देश के हर नागरिक को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के लिये अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। उत्तराखंड के लाखों परिवारों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आयुष्मान कार्ड जारी किए जाने के बाद हजारों मरीज उक्त योजना का लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने संयुक्त ब्राह्मण महासभा एवं श्याम मित्र मंडल द्वारा संयुक्त रूप से लगाए गये एक दिवसीय मेडिकल कैंप की सराहना करते हुए कहा कि समाज की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा आयोजित ऐसे शिविरों से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंदों को अस्पताल की भीड़भाड़ का सामना किये बगैर घर के पास ही स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उन्होंने हेल्थ चेकअप में जुटे विभिन्न चिकित्साकर्मियों के पास जाकर उनका उत्साहवर्धन किया और अपना रक्तचाप भी चौक करवाया। नि:शुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर में स्वास्थ्य लाभ के अलावा मौके पर दर्जनों क्षेत्रवासियों ने रक्तदान भी किया।इसके अलावा आयोजकों द्वारा सिटी क्लब प्रांगण में लगाये गये विशाल भंडारे में भी खासी भीड़ जुटी थी। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, दर्जा राज्य मंत्री बलराज पासी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मेयर रामपाल सिंह, विकास शर्मा, ब्राह्मण सभा अध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा, नितिन कौशिक, मुकेश वशिष्ठ, वीडी शर्मा, गजानंद शर्मा, भारत भूषण चुघ, सुरेश अग्रवाल, राहुल भारद्वाज, प्रवीन गोयल, धीरेन्द्र मिश्रा, अनिल शर्मा, ललित शर्मा, मीना शर्मा, ममता त्रिपाठी, डा. कपिल शर्मा, डा. प्रियंका पांडे, डा. अभिषेक गुप्ता, डा. नवीन अग्रवाल, डा. मनदीप सिंह, डा. अमित मिश्रा, पावस लैब संचालक संजीव शर्मा, जुगल वल्लभ गोस्वामी, पीडी अग्रवाल, आशुतोष शर्मा, पुनीत तिवारी, राम किशन भारद्वाज, दीपा जोशी, रसना भारद्वाज, श्रीकृष्ण शर्मा, देवेंद्र कौशिक, राजकुमार दुबे, कुलदीप शर्मा, पिंकी चतुर्वेदी, गीता भारद्वाज, छाया शर्मा, पूजा कौशिक, अर्चना कौशिक, मिनी पाठक, रेखा जोशी, पल्लवी शर्मा, स्वाति शर्मा, सरोज तिवारी, राज बहादुर शर्मा, अखिलेश मिश्रा, हिमांशु शर्मा, जय भगवान् जैन, शुभम शर्मा, हनुमान प्रसाद गोयल समेत अनेक क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# वैष्णो दरबार यात्रा को विधायक शिव अरोरा ने किया रवाना

## 14 अक्टूबर को ज्वाला जी की पावन ज्योत लेकर रुद्रपुर पहुँचेगी यात्रा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा श्री दुर्गा मंदिर रुद्रपुर से 32वी मां वैष्णो दरबार यात्रा दुर्गा मंदिर से पूरे विधि विधान से पंडित नवीन शास्त्री और महंत राजीव ठक्कर के द्वारा पूजा अर्चना से प्रारंभ की गई और साथ ही माता रानी को चुन्नी और महावीर ध्वज को चढ़ाया गया। यात्रा की शुरुआत रुद्रपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा एवं उनके परिवार द्वारा पहले ध्वज और माता की चुन्नी को लेकर सारी संगत सहित पांच मंदिर रुद्रपुर के लिए मुख्य बाजार में पैदल प्रस्थान किया गया जहां पर रास्ते में ढोल नगाड़ों से सभी भक्तों ने माता रानी के जयकारे लगाए और भजन कीर्तन किया इसके उपरांत पांच मंदिर पहुंचने पर पांच मंदिर सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर महामंत्री ओम प्रकाश अरोरा, द्वारा सभी का स्वागत किया गया और फूलो की वर्षा की और पांच मंदिर में शेरा वाली माता को यात्रा की पहली मां की चुन्नी और महावीर का ध्वज अर्पित किया गया और सभी की यात्रा के लिए मंगल कामना की गई। विधायक शिव अरोरा ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मा वैष्णो देवी दरबार की यात्रा रुद्रपुर से आज प्रस्थान किया जो सभी देवियो के दर्शन कर मा ज्वाला देवी की पावन ज्योत लेकर नवरात्रि से पूर्व रुद्रपुर पहुँचेगी, जिसके लिये आज यात्रा हेतु बसों को रवाना किया और सभी के मंगलमय यात्रा हेतु शुभकामनाएं दी। यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल ने बताया सभी देवियो की यात्रा 9 दिन तक चलेगी और 14 तारीख को यात्रा मां ज्वाला जी से पवित्र ज्योति लेकर रुद्रपुर नगर में पहुंचेगी आज कार्यक्रम में श्री दुर्गा यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल ,महंत,राजीव ठक्कर,दुर्गा मंदिर सभा की अध्यक्ष रेनू अरोरा ,विक्की कक्कड़ ,पवन गाबा पल्ली ,अमित दुआ, अंशु कक्कड़ ,काका नारंग, मोहित बत्रा ,किशन सुखीजा ,किशन मेहता जी, विपिन अरोरा,पंकज शर्मा ,नजीर सिंह ,रीता मेहता,एकता दुआ, ठाकुर ओम वीर सिंह ,सुनीता सिंह,गीता सुखीजा ,राजीव गम्भीर, अशोक चोपड़ा ,राजेन्द्र अग्रवाल, चंद्र अरोरा,इना ठुकराल ,सन्दीप धीर ,श्वेता गाबा,देवेंद्र कुकरेती, दीपक अरोरा ,रमेश मनचंदा,अंजू ठक्कर,मंजू गाबा ,भावना सचदेवा, गीतिका सचदेवा, सौम्या ,कपीश ,ओम सचदेवासुभाष डोगरा, दिनेश गुप्ता,गुरशरण बब्बर,किशन नारंग,आदि माता के भक्त मौजूद रहे।



# ठुकराल ने सिमरन को किया सम्मानित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)।शारदा कालोनी निवासी ओमप्रकाश चौधरी की पुत्री सिमरन चौधरी द्वारा देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में मिस नार्थ इंडिया 2023 का खिताब जीतने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सिमरन को उनके निवास पर पहुंच कर स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह दिया और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। सिमरन चौधरी ने बीते दिनों देहरादून में हिमालयन बज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मिस नार्थ इंडिया 2023 का खिताब अपने नाम किया। सिमरन की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सिमरन को सममानित करते हुए कहा कि सिमरन ने अपने परिवार के साथ साथ पूरे शहर का नाम रोशन किया है। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि आज रुद्रपुर की प्रतिभाएं देश विदेश में नाम रोशन कर रही है। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि सिमरन जैसी प्रतिभाओं से अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, बंटी कोली, आकाश बठला, दीपक सागर आदि लोग मैजूद थे।



# अमृत कलश यात्रा के लिए चावल एवं मिट्टी एकत्रित

नानकमत्ता( उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में खेल मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभाग के निर्देशन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सीता मेहता एवं एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंदु बाला के नेतृत्व में स्वयं सेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में अमृत कलश यात्रा हेतु मिट्टी चावल एकत्रित की गये कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्राचार्य डॉ. सीता मेहता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंदु बाला ने अमृत कलश यात्रा पर उद्बोधन करते हुए कहा कि यह अमृत कलश यात्रा भारत सरकार के खेल मंत्रालय के एन एस एस प्रभागके निर्देशन में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम देश के सभी राज्यों के स्कूलों ,महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में आयोजित हो रहा है इसका उद्देश्य है कि देश के लिए समाज के लिए आगे बढ़ना अपने कर्तव्य का सही से निर्वहन करना देश में खुशहाली लाना और समृद्धि युक्त भारत बनाना आदि। प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार जोशी ने सभी स्वयंसेवियों को पंच प्राण संकल्प दिलवाते हुए कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन से निकला हुआ कलश एक रत्न है यह पवित्र कलश समृद्धि का प्रतीक है। अत: हमें अपना जीवन एवं समाज तथा राष्ट्र के लिए कार्य करना होगा जिससे कि हम सभी और हमारा यह राष्ट्र समृद्धि युक्त हो उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में 'इदं राष्ट्राय इदं न मम' की भावना होनी चाहिए। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ गोपाल सिंह, मनोज कुमार, शोभा बोहरा, कविन्द्र सिंह बोहरा ,बर्षा सक्सेना, कामिनी राणा, पंकज सिंह बोहरा ,आरती राणा, रश्मि, अफ्सा खान, प्रिया थापा, रेनू थापा, रोशन कुमार ,रश्मि सारथी, ज्योति राणा, दुर्गा नाथ गोस्वामी और देवराम सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# दो दिवसीय संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। दो दिवसीय न्याय पंचायत स्तरीय मिनी क्रीडा प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर बालक वर्ग की प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्रेम सिंह टूरना नगर पंचायत अध्यक्ष नानकमत्ता,संकुल प्रभारी जसौद मेहता ,दिनेश सिंह अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा सितारगंज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। टुरना ने अपने संबोधन में बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा सर्वागीण विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिताओं के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी श्री तरुण कुमार पंत जी भी बच्चों एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन एवं मनोबल बढ़ाने हेतु प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में समस्त बच्चों को खेल भावना का परिचय देने व शिक्षकों को पारदर्शिता के साथ खेल प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतियोगिता स्थल पर बच्चों व शिक्षकों का उत्साह व अनुशासन को देखकर सराहना की गई। प्रतियोगिता स्थल के मैदान बनाने में सहयोग करने के लिए मेजबान विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवर सिंह राणा व प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती तृप्ति पंत व उनके विद्यालय परिवार की भी सराहना की।बालक वर्ग के समस्त दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद , गोला फेक, चक्का फेंक,प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक नेता के एन अटवाल एवं सूरज सक्सैना द्वारा किया गया। संकुल प्रभारी जसौद मेहता ने प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने के लिए उपस्थित समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने के लिए नवीन शर्मा, श्री निमाई चंद्र माझी, पुष्पेंद्र कटियार ,राधे सिंह, वीरेंद्र सिंह,कुंवर सिंह राणा, रामरूप सिंह, फकीर सिंह, शिव सिंह बिष्ट, रेनू उपाध्याय, तृप्ति पंत , सुरेश प्रसाद, हिमाचल कुमार, सुरजीत सिंह ,जसपाल सिंह, परमजीत सिंह नरेश राणा, सीमा कंचन, पियूष गुप्ता श्वेता भट्ट ,सुरेश प्रसाद आदि शिक्षक उपस्थित रहे प्रतियोगिता के बालक वर्ग में लगभग 450 बच्चों ने प्रतिभाग किया।



# अधिकारियों व कर्मचारियों ने चलाया सफाई अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा महापौर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला और नगर आयुक्त नगर निगम पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में स्थानीय पार्षद मनोज मठपाल, निगम अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा वार्ड-60 में तीनपानी तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। महापौर डा. रौतेला ने कहा कि नगर निगम सम्पूर्ण क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के सभी निवासियों से अपील की कि नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के महान कार्य में अपना अमूल्य योगदान दें। सफाई अभियान में कई लोगों ने अपना सहयोग दिया।



# सितरगंज में बाढ़ सुरक्षा के लिए प्रभावी योजना बनाने के निर्देश

सितारगंज(उद संवाददाता)। अरविंद नगर, झाड़ी, नर्सरी आदि क्षेत्रों के बाढ़ से बचाव हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की अध्यक्षता में मंडी परिसर में संपन्न हुई।जिसमे राजस्व, वन, सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रीय जनता द्वारा बाढ़ के समय बाढ़ प्रभावितों को शिफ्ट करने, उनके रहने, खाने के साथ ही मुआवजे की भी व्यवस्था प्रतिवर्ष की जाती है और बाढ़ के कारण वन व वन्य जीव भी बहुत ज्यादा प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि नदी को चेनलाइज करने एवम बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य करने से बाढ़ की स्थिति से निजात मिलेगी, जनता बाढ़ निर्देश दिए। उन्होंने सर्वे के दौरान गांव के जानकार व्यक्तियों को जरूर साथ मे रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में ही जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने साइंटिफिक सर्वे हेतु संयुक्त टीम का गठन किया जिसमे अधिशासी अभियंता सिंचाई, तहसीलदार, एसडीओ फॉरेस्ट, क्षेत्रीय कृषि अधिकारी शामिल हैं। डीएम ने संयुक्त सर्वे टीम को हो। उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर शीघ्रता से कार्य शुरू कराए जायेंगे और धनराशि की व्यवस्था योजनाओं के कन्वर्जेंस के माध्यम से की जाएगी ताकि कार्य को आगामी बरसात से पहले पूरा करा दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, डीएफओ संदीप कुमार,





प्रतिभाग किया गया। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि बेगुल नदी से सिल्टिंग होकर एरिया ऊंचा होने एवम नदी का प्रवाह बदलने से अरविंदनगर नंबर 7, 8, 9, ढाई नंबर, झाड़ी, नर्सरी आदि गांव के लगभग 600 परिवार बाढ़ से प्रभावित होते हैं। जिससे से प्रभावित नहीं होगी, फैसले अच्छी होंगी और वन व वन्य जीव भी प्रभावित नहीं होंगे, इसके साथ ही सरकार को प्रतिवर्ष राहत, मुआवजा आदि पर धनराशि खर्च नहीं करनी पड़ेगी, जिससे धन की बचत होगी। उन्होंने साइंटिफिक डिटेल सर्वे रिपोर्ट 20 अक्टूबर तक तैयार करने के स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे रिपोर्ट में भूमि के लेवल, चेनलाइज करते हैं तो कितना ढाल मिलेगा, कितने एमएलडी पानी निकल जाएगा, और जनता वन एवम वन्य जीवों को कितना लाभ होगा आदि सभी विषयों पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि फॉरेस्ट रूल्स का उल्लंघन न अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित, अधिशासी अभियंता आनंद सिंह नेगी, एसडीएम तुषार सैनी, सभासद दीपक गुप्ता, पंकज रावत, रवि रस्तोगी, चंदन श्रीवास्तव, सहित पलविंदर सिंह सुखदेव सिंह, आदेश चौहान, उदय राणा सहित जनप्रतिनिधि व जनता उपस्थित थी।

# पत्रकार प्रेस परिषद ने सीएम को भेजा ज्ञापन

खटीमा(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई ने पत्रकारों की समस्याओं को लेकर एसडीएम के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी के नेतृत्व में परिषद की खटीमा इकाई का प्रतिनिधि मण्डल उपजिलाधिकारी से मिला और उन्हें मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि खटीमा में पत्रकारों के बैठने के लिए भवन की व्यवस्था नहीं है, जिससे पत्रकारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में सीएम से प्रेस भवन की स्थापना की मांग की गयी। साथ ही ज्ञापन में कहा कि सीएम का गृह क्षेत्र होने के कारण यहां अकसर वीआईपी का आगमन रहता है। लेकिन



वीआईपी के आगमन उनके कार्यक्रमों की सूचनाएं पत्रकारों को प्राप्त नहीं हो पाती है। जिससे सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार भी नहीं हो पा रहा है। अतः जनहित में यहां सहायक सूचना अधिकारी नियुक्त किया जाए। जिससे सरकार की योजनाओं का प्रचार–प्रसार जन–जन तक पहुँचाया जा सकें। ज्ञापन में तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता देने एवं तहसील स्तर पर पत्रकारों को चिकित्सा कार्ड मुहैया कराने की मांग भी की गयी। उपजिलाधिकारी ने पत्रकारों की मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नैनीताल इकाई के जिलाध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट,खटीमा इकाई अध्यक्ष अशोक सरकार , दीपक यादव , सलीम,भरत सिंह चुफाल, गुड्डू खान, अनुज शर्मा, सुन्दर बहादुर, गणेश पुजारा, टोनी बर्मा, हेमन्त, माया शंकर, विजय, अमित,अमीर रजा, अमीर अंसारी, सकील और फैजान आदि भी मौजूद रहे।

# जन औषधि केंद्र संचालकों ने कैमिस्टएसो. को बताई समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारीयों के साथ प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र हल्द्वानी के संचालकों की एक बैठक उत्तरांचल केमिस्ट भवन डेहरिया में संपन्न हुई। जिसमें प्रधानमंत्री रही हैं, यदि कुछ दवाइयां दी भी जा रही हैं तो वह बहुत कम मात्रा में दी जा रही हैं। जिस कारणवश वे रोगियों को दवाइयां उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं और इससे प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालकों को आर्थिक हानि भी उठानी



जन औषधि केंद्र के संचालकों द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन संस्था के पदाधिकारियों को दिया गया।उन्होंने बताया कि उन्हें बीपीपीआई की कई दवाइयां प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के डिस्ट्रीब्यूटरों द्वारा पिछले कई समय से या तो दी नहीं जा पड़ रही है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में सरकार द्वारा सिर्फ दो डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त किए गए हैं एक देहरादून में और एक हल्द्वानी में। हल्द्वानी वाले डिस्ट्रीब्यूटर को दवाइयां की सप्लाई पिछले डेढ़ 2 साल से बंद है। जिस कारण हल्द्वानी के संचालकों को लखनऊ, दिल्ली या छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के संचालकों से दवाइयां मांगनी पड़ रही हैं और वहां से भी सारी दवाइयां नहीं आ पा रही हैं।संस्था अध्यक्ष गोपाल अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक के अलावा अन्य दवाइयां का क्रय विक्रय नहीं कर सकते हैं। लेकिन दवाओं की शहर में जन औषधि केंद्रों पर सुचारू रूप से पूर्ति नहीं हो पाने के कारण आम मरीजों को सस्ती दवाइयां नहीं मिल रही है और जन औषधि दुकानदरों के सामने रोजी रोटी का संकट गहराया हुआ है।केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा सभी जन औषधि केंद्र संचालकों को आश्वासन दिया गया कि वह उनकी समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करेंगे और वह भी नियमों का पालन करेंगे। इस दौरान महामंत्री संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, नरेंद्र सिंह पवार, अरविंद सिंह बिष्ट, राजू कुशवाह, हेमंत सिंह, विवेक पांडे, रजत गोयल, हिमांशु वार्ष्णेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# डांस टैलेंट हंट में बच्चों ने मचाया धमाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से पाँच तक में डांस टैलेंट हंट ( नृत्य प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया।जिसमें फाइनल राउंड में चयनित सभी छात्र–छात्राओं ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति दी।नृत्य प्रतियोगिता का आरंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया,जिसमें विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती निधि राय,मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते, अध्यापक गण व समस्तअभिभावकगण उपस्थित रहे।तत्पश्चात मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए क्रमशः कक्षा एक से पाँच तक के छात्र–छात्राओं ने नए–पुराने गीतों पर जोरदार नृत्य प्रस्तुत किया। इस श्रृंखला में डांस टैलेंट हंट परिणाम की घोषणा कार्यक्रम के जज मनीष टम्टा सर्व संस्कृति ब्रांच और भावना आर्या आरएएन डिबडिबा ब्रांच ने की।जिसमें कक्षा एक और दो की श्रृंखला में क्रमशः प्रथम स्थान पर समृद्धि,द्वितीय स्थान पर कृपा ठुकराल व तृतीय स्थान पर राम्या ग्रोवर रही,इसके साथ ही बेस्ट ड्रेस पुरस्कार





कक्षा एक की थष्विका को व सांत्वना पुरस्कार कक्षा दो की समृद्धि को प्राप्त हुआ।इसी कड़ी में आगे कक्षा तीन ,चार व पाँच में प्रथम स्थान पर विद्यांशी व आद्या अग्रवाल ,द्वितीय स्थान पर नंदिनी व कौशिकी व तृतीय स्थान पर कक्षा चार की रूहानी व अनय अग्रवाल रहे।कक्षा तीन की अविका व प्रभजी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार कक्षा चार की एंजल को मिला। टैलेंट हंट में उपस्थित सभी अभिभावको ने तालियाँ बजाकर सभी छात्र–छात्राओ का खूब उत्साहवर्धन किया।

# संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में बालिकाओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्राथमिक/सब जूनियर बालिका वर्ग की समस्त प्रतियोगिता खंड शिक्षाधिकारी भाष्करानंद पांडे आयोजक, प्रधानाचार्य परशुराम दिवाकर संयोजक,खेल प्रभारी मनोहर लाल संकुल बरखेड़ा की उपस्थिति में 05/10/23 को राजकीय सकैनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।लम्बी कूद में जसप्रीत मदर लाजवंती खेड़ा जू0हा0 ने प्रथम स्थान,हरजीत मदर लाजवंती खेड़ा ने द्वितीय स्थान,चरनजीत रा0 प्रा0 विद्यालय कुईखेड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो–खो में मदर लाजवंती खेड़ा पब्लिक स्कूल सकैनिया ने द्वितीय स्थान,अनम मदर लाजवंती खेड़ा जू0हा0 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फेक में हरमन कौर रा0आ0उच्च प्रा0वि0 बरेली नगर ने प्रथम स्थान,सानिया सनराईज पब्लिक स्कूल सकैनिया ने द्वितीय स्थान,ललिता मदर



इंटर कॉलेज गदरपुर में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में बालिका प्राथमिक वर्ग में 400 मी0 दौड़ में शगुन सनराइज पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान,चरनजीत कौर रा0प्रा0विद्यालय कुईखेड़ी ने द्वितीय स्थान,राधिका यूनिक पब्लिक स्कूल जू0हा0 विजेता तथा सनराइज पब्लिक स्कूल सकैनिया की टीम उपविजेता रही। बालिका सब जूनियर वर्ग की 800 मी0दौड़ में हरमन कौर रा0आ0उ0 प्रा0विद्यालय बरेली नगर न0 2 ने प्रथम स्थान,सुहानी यूनिक लाजवंती जू0हा0 खेड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद में सिमरन कौर रा0आ0उच्च प्रा0विद्यालय बरेली नगर ने प्रथम स्थान,आसमा यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया ने द्वितीय स्थान,मनदीप मदर लाजवंती खेड़ा जू0हा0ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में हरमन कौर रा0आ0उच्च प्रा0 विद्यालय बरेली नगर ने प्रथम स्थान, दिव्यांशी सनराईज पब्लिक स्कूल सकैनिया ने द्वितीय स्थान,कोमल कौर यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में मदरलाजवंती खेड़ा मा0 सकैनिया विजेता रही। यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया उपविजेता रही। खो खो में सनराईज पब्लिक स्कूल सकैनिया विजेता रही। मदर लाजवंती खेड़ा मा0 सकैनिया उपविजेता रही। सभी परिणाम की जानकारी मनोहर लाल खेल प्रभारी संकुल बरखेड़ा ने दी। रमा छाबड़ा, कविता वर्मा ने अभिलेखी करण कार्य और प्रशांत कुमार सिंह ने मंच संचालन का कार्य किया । मिनती रानी विश्वास, अशोक कुमार गुप्ता,पंकज सिंह चौहान,सूरज सिंह डसीला, राजेन्द्र सिंह, अध्यकान्त अग्रवाल राकेश सिंह चौहान ने सभी खेलों को कराने में अपनी अहम भूमिका निभायी। सभी विद्यालय से आये शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# साईबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

गदरपुर (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर की नवाचार समिति द्वारा अपेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में साइबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अपेक्स इंस्टीट्यूट से आए हुए आदर्श जोशी, बलजीत सिंह, कुमारी आंचल अनेजा व कुमारी अदिति अग्रवाल ने महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को विस्तार से साइबर क्राइम एवं उसके विभिन्न प्रकार से अवगत कराते हुए इनसे बचने और निपटने हेतु कई उपाय बताएं,




हेल्पलाइन 1090 की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों की जानकारी रखने के लिए टीम ने साइबर सिक्योरिटी से संबंधित समान ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जिसका परिणाम अगले जागरूकता कार्यक्रम में दिया जाएगा। कार्यक्रम की संयोजक सुश्री तनुजा परिहार सदस्य नवाचार समिति ने बताया कि इस कार्यक्रम में 47 छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन तनुजा परिहार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ अर्चना वर्मा, डॉ प्रमोद वर्मा, डॉ हरि प्रसाद एवं सुश्री प्रभजोत कौर उपस्थित रहे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सिक्किम में तबाही

उत्तरी सिक्किम में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से मची तबाही चिंतित करने वाली है। वहां ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है। सड़कें तो टूटी ही हैं, सैन्य प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। तीन-चार अक्तूबर की दरमियानी रात में दक्षिण ल्होनक झील पर बादल फट गया था जिससे तीस्ता नदी बेसिन में बाढ़ आ गई। बाढ़ में बह गए लोगों में से 14 की मौत हो गई और 22 सैन्य कर्मियों समेत 102 लोग लापता हो गए। स्वाभाविक रूप से अभी सबसे ज्यादा ध्यान लापता सैनिकों व अन्य की तलाश करने और यह सुनिश्चित करने पर दिया जा रहा है कि जहां भी जरूरी हो जल्द से जल्द मदद पहुंचाई जाए। ऊपरी इलाकों में लगातार बारिश से जलस्तर बढ़ रहा है। राहत एवं बचाव अभियान में दिक्कत आ रही है। कई जगह रास्तों में पर्यटक फंसे हुए हैं। उत्तरी सिक्किम का यह प्रभावित इलाका भारत-नेपाल सीमा के करीब पड़ता है। भौगोलिक तौर पर इस जगह को संवेदनशील बताया जाता रहा है। दो साल पहले एक अध्ययन में चेताया गया था कि भविष्य में सिक्किम में दक्षिण ल्होनक झील फट सकती है। वर्ष 2021 में हुआ अध्ययन जर्नल 'जियोमोर्फोलाजी' में प्रकाशित हुआ था। इसमें रेखांकित किया गया था कि दक्षिण ल्होनक झील का स्तर हिमनद के पिघलने की वजह से बीते एक दशक में खासा बढ़ा है और हिमनद झील के फटने से बाढ़ (जीएलओएफ) का खतरा बढ़ गया है। हिमनद झील के फटने से बाढ़ तब आती है जब हिमनद के पिघलने से बनी झील में अचानक बाढ़ आ जाए। अध्ययन के मुताबिक, 1962 से 2008 के बीच 46 साल में हिमनद करीब दो किलोमीटर पीछे हट गए हैं और यह 2008 से 2019 के बीच तकरीबन चार सौ मीटर और पीछे चले गए हैं। हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) के मुताबिक, सिक्किम में 733 हिमनद झीलें हैं और 288 झीलें 5000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित हैं। दक्षिण ल्होनक झील समुद्र तल से 5200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह झील ल्होनक हिमनद के पिघलने से बनी है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की और भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरू के शोधार्थियों ने पाया है कि ये झीलें मुख्यत: सुदूर और पर्वतीय घाटियों में स्थित हैं लेकिन निचले बहाव क्षेत्र में 10 किलोमीटर तक जान और माल का नुकसान कर सकती हैं। शोध रिपोर्टों में लगातार चेतावनी दी जाती रही है कि वर्तमान और भविष्य में हिमनद टूटने से होने वाले परिवर्तनों से जुड़े खतरे का मूल्यांकन करना जरूरी है। इसी साल मार्च महीने में संसद में पेश की गई एक रपट में बताया गया था कि हिमालय के तमाम हिमनद अलग-अलग दर से, लेकिन तेजी से पिघल रहे हैं और इस वजह से हिमालय की नदियां किसी भी समय बड़ी प्राकृतिक आपदा का कारण बन सकती हैं। यह सही है कि जलवायु परिवर्तन वैश्विक मसला है और किसी एक देश की सरकार अकेले ज्यादा कुछ नहीं कर सकती। फिर भी बड़े और संवेदनशील हिमनदों की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए संभावित हादसों से निपटने की तैयारी जरूर की जा सकती है। लोगों को अपेक्षाकृत ज्यादा जागरूक रखा जा सकता है। हादसे भले न टाले जा सकें, लेकिन नुकसान जरूर कम किया जा सकता है। लेकिन सिक्किम की आपदा के मामले में जाहिर है ऐसा नहीं हो सका।

# प्रत्येक देशवासी को भारत के सैन्य इतिहास को जानना और समझना जरुरी: राज्यपाल

### सेमिनार में देश भर के 38 स्कूलों के छात्रों और कई पूर्व सैन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को वेल्हम बॉयज स्कूल में आयोजित मिलिट्री हिस्ट्री सेमिनार का उद्घाटन किया। इस सेमिनार में अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. परनाइक (से नि) भी उपस्थित रहे। दो दिवसीय इस सेमिनार में देश भर के 38 स्कूलों के छात्रों और कई पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सेमिनार के प्रथम सत्र को बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि प्रत्येक देशवासी को भारत के सैन्य इतिहास को जानना और समझना जरुरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैन्य इतिहास वीरता, सम्मान और साहस के उदाहरणों से भरा पड़ा है। भारतीय सैन्य जवानों ने अपनी बहादुरी और पराक्रम के बल-बूते कई युद्धों में दुश्मनों को हमेशा ही करारा जवाब दिया है। इन युद्धों में हमने अपने कई वीर जांबाजों को भी खोया है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने वीर योद्धाओं के पराक्रम और उनके बलिदान को जानना बहुत जरूरी है। राज्यपाल ने वेल्हम बॉयज स्कूल की इस पहल के लिए सराहना की और अन्य स्कूलों में भी इस तरह के सेमिनार



और कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे बच्चे हमारे सैन्य इतिहास के गौरवशाली पलों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सैन्य इतिहास की जानकारी रणनीतिक रूप से मजबूत करने में भी सहायक है। राज्यपाल ने छात्रों को पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों के साथ-साथ विभिन्न युद्धों सहित सैन्य सेवा के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि हमें अपना आत्म मूल्य (सेल्फ वर्थ) को जानना बहुत जरूरी है। भारत विकसित और विश्वगुरु भारत की ओर अग्रसर है। उन्होंने छात्रों से अमृतकाल के इस समय में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे प्रत्येक कार्य को हमेशा लगन और परिश्रम के साथ करें और हर कार्य में अतिरिक्त प्रयास लगाएं। उन्होंने बच्चों को अपने संचार कौशल को भी बेहतर करने का आह्वान किया। स्कूल के चेयरमैन दर्शन सिंह ने अवगत कराया कि मिलिट्री हिस्ट्री सेमिनार का यह 7वां संस्करण है। उन्होंने बताया कि भारतीय सैन्य इतिहास के बारे में स्कूली बच्चों को जानकारी हो और वे अपने सशस्त्र बलों के गौरवशाली पलों की जानकारी से भिज्ञ हों इसी उद्देश्य से यह सेमिनार आयोजित किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से स्कूलों को अपने पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में अपनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर पैनल चर्चा भी की गई जिसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), स्कूल के चेयरमैन दर्शन सिंह ने प्रतिभाग किया। इस पैनल में मॉडरेटर के रूप में सैन्य इतिहासकार शिव कुणाल वर्मा मौजूद रहे।

# अंगदान के लिये उत्तराखंड में 73,682 लोगों ने लिया संकल्प

### नैनीताल जिले में सर्वाधिक पंजीकरण

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में अब तक 73,682 दानवीरों ने अंगदान का संकल्प लिया है। आयुष्मान भव अभियान के तहत एक पखवाड़े में तीन हजार से अधिक लोगों ने अंगदान के लिए पंजीकरण किया है। प्रदेश की कुल आबादी के सापेक्ष अंगदान पंजीकरण में उत्तराखंड देशभर में दूसरे स्थान पर है, जबकि तेलंगाना पहले और मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया, 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़े में प्रदेशभर में 3059 लोगों ने राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। अब अंगदान पंजीकरण का आंकड़ा 73 हजार पार कर चुका है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भव अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। इससे पहले अंगदान करने वाले दानियों को प्रशस्तिपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करेंगे।उत्तराखंड में अंगदान के लिए एक लाख की आबादी पर औसतन 24 लोगों ने पंजीकरण कराया है, जबकि तेलंगाना में एक लाख पर 18 लोगों ने पंजीकरण कराया। अंगदान में महाराष्ट्र चौथे, कर्नाटक पांचवें व आंध्र प्रदेश छठे स्थान पर है। आयुष्मान भव: अभियान के तहत चलाए गए सेवा पखवाड़े में नैनीताल जिले में सबसे अधिक 872 लोगों ने पंजीकरण कराया, जबकि पिथौरागढ़ में 493, चमोली 340, देहरादून में 201, टिहरी 188, अल्मोड़ा 187, ऊधमसिंह नगर 118, पौड़ी 103, बागेश्वर 100, उत्तरकाशी 85, चंपावत 76, हरिद्वार 42, रुद्रप्रयाग में 23 लोगों ने राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकरण कराया। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से अभियान के तहत रक्तदान एवं अंगदान पंजीकरण, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, सिकल सेल उन्मूलन बेहतर कार्य करने वाले राज्यों को सम्मानित किया जाएगा।

# ओसीडी से मिलेगी मुक्ति, डीप टीएमएस थेरेपी का असर मरीजों को दे रहा है लाभ

ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) एक तरह की मानसिक बीमारी है जिसमें बार-बार एक ही तरह के विचार आते हैं। दुनियाभर में ओसीडी से लाखों लोग ग्रसित हैं जिससे उन्हें तनाव होता है और उनकी रूटीन लाइफ



पर इसका गलत असर पड़ता है। इस तरह के मामलों में हालांकि दवाई और थेरेपी काफी कारगर रहती हैं लेकिन कुछ बीमार ऐसे भी होते हैं जो इन तरीकों से ठीक नहीं हो पाते। इस तरह के मरीजों के इलाज के लिए एंटर डीप ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन (डीप टीएमएस )एक बहुत ही क्रांतिकारी और नॉन इनवेसिव ट्रीटमेंट है जो ओसीडी थेरेपी की तस्वीर बदल रहा है। इसमें मैग्नेटिक वेव के जरिए दिमाग के प्रभावित हिस्से को उत्तेजित किया जाता है और न्यूरोन रिपेयर की जाती है। इससे ओसीडी के लक्षणों में कमी आती है और मरीज को रिलीफ मिलता है। इस प्रक्रिया में स्कैल्प यानी खोपड़ी से एक मैग्नेटिक कॉइल अटैच की जाती है जिसे किसी इलेक्ट्रिक पल्स जनरेटर या स्टिमुलेटर से जोड़ा जाता है। इससे कॉइल में इलेक्ट्रिक करंट जाता है जिससे मैग्नेटिक वेव पैदा होती हैं जो दिमाग के टारगेटेड एरिया पर जाकर लगती हैं। जिन मरीजों के दिमाग में मैग्नेटिक वेव से स्टिमुलेशन किया जाता है वो डिप्रेशन या ओसीडी के शिकार मरीजों की तुलना में ज्यादा एक्टिव पाए जाते हैं। अन्य थेरेपी की तुलना में डीप टीएमएस का सबसे ज्यादा फायदा इसका नॉन इनवेसिव होना है। इलेक्ट्रोकंवल्सिव थेरेपी से उलट इसमें किसी एनेस्थीसिया या सीजर इंडक्शन की जरूरत नहीं होती जिससे मरीज की रिकवरी तुरंत होती है और मेमोरी लॉस जैसा साइड इफेक्ट नहीं होता। इसके अलावा, डीप टीएमएस एफडीए द्वारा अप्रूव है जिसे डिप्रेशन का वैकल्पिक उपचार माना गया है। स्टडी ज से पता चलता है कि इससे डिप्रेशन के लक्षण काफी कम होते हैं और दवाइयों से जो दुष्प्रभाव होते हैं वो भी इसमें नहीं होते। डीप टीएमएस और स्टैंडर्ड टीएमएस में ये अंतर होता है कि मैग्नेटिक पल्स ब्रेन के अंदर कहां तक जा पाती है। डीप टीएमएस में ब्रेन के अंदर ज्यादा स्टिमुलेशन हो पाता है जिसके चलते ओसीडी व अन्य दिमागी बीमारियों के इलाज में ये प्रक्रिया काफी असरदार साबित होती है। ओसीडी के मामलों में डीप टीएमएस प्रक्रिया से इलाज को लेकर बहुत सारी स्टडीज में पॉजिटिव रिजल्ट बताए गए हैं। डीप टीएमएस प्रक्रिया से गुजरने वाले करीब 75 फीसदी मरीजों की हालत में सुधार हो जाता है जिनमें से करीब आधों को राहत मिल जाती है। इस तरह ओसीडी व मेंटल कंडीशन के मामलों में ये ट्रीटमेंट काफी फायदेमंद रहा है। द यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने 2018 में ओसीडी ट्रीटमेंट के लिए डीप टीएमएस के इस्तेमाल को मंजूरी दी थी। ये उन लोगों के लिए किया गया था जिन्हें पारंपरिक तरीकों से राहत नहीं मिल पाती है। इसे मंजूरी मिलने से पहले एक्सपोजर व रेस्पांस प्रिवेंशन, दवाई या फिर इन दोनों को मिलाकर ओसीडी मरीजों का इलाज किया जाता था। लेकिन इन तरीकों से जिन मरीजों को आराम नहीं मिल पाता या फिर पूरी तरह राहत नहीं मिल पाती, उनके लिए डीप टीएमएस एक उम्मीद की किरण है। कुल मिलाकर, डीप टीएमएस एक ग्राउंड ब्रेकिंग और नॉन-इनवेसिव थेरेपी है जो ओसीडी और अन्य मेंटल कंडीशन से पीड़ित लोगों के लिए बहुत ही लाभकारी है। सर्जरी या एनेस्थीसिया के बिना ही इसके जरिए ब्रेन के स्पेसिफिक हिस्सों को स्टिमुलेट किया जा सकता है जो इसे मरीजों व डॉक्टरों दोनों के लिए एक पसंदीदा ट्रीटमेंट मेथड बनाता है। इस विधि के सपोर्ट में लगातार रिसर्च की जा रही है, जिसके चलते ये उम्मीद है कि इसका प्रसार होगा और ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा।

**डॉक्टर गौरव गुप्ता,फाउंडर व डायरेक्टर,तुलसी हेल्थ केयर**

# हिमालय उन्नति मिशन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में ''हिमालय उन्नति मिशन'' के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को बताया कि उत्तराखण्ड में संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई स्कूलों में डिजिटल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं वही गांवों में भी यह कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विभिन्न जेलों में कैदियों को भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया गया है। संस्था द्वारा स्मार्ट बॉर्डर स्कूल के अंतर्गत भी बॉर्डर एरिया के स्कूलों में आधुनिक सुविध



एं प्रदान की जा रही है। यूथ लीडरशिप प्रोग्राम के तहत युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वाइब्रेंट विलेज में भी संस्था द्वारा विभिन्न तरह के कार्य किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने संस्था के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उत्तराखण्ड के 05 वाइब्रेंट विलेज के विकास में सहयोग की अपेक्षा की और कहा कि इन गावों के विकास हेतु सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहल पर वाइब्रेंट योजना के तहत सीमावर्ती गांवों का विकास किया जाना है। इन गांवों को सभी सुविध एं उपलब्ध कराया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने संस्था के यूथ लीडरशिप कार्यक्रम की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर संस्था के मुख्य सलाहकार एयर मार्शल वी.पी.एस. राणा (रि.), राज्य समन्वयक नितिन जैन और संस्था के राकेश डंगवाल उपस्थित रहे।

# जोशीमठ में आपदा न्यूनीकरण की डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने आज सचिवालय में जोशीमठ में आपदा जोखिम न्यूनीकरण से सम्बन्धित होने वाले कार्यों के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए अधिकारियों को जोशीमठ में ढलान स्थिरीकरण, पेयजल, सीवरेज, जल निकासी आदि कार्यों की डीपीआर शीघ्र तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीपीआर तैयार किए जाने से लेकर कार्य पूर्ण होने तक की प्रत्येक कार्य की समय-सीमा निर्धारित कर ली जाए। सभी कार्य समय से पूर्ण हों इसके लिए सम्बन्धित विभागों के सचिवों द्वारा साप्ताहिक अनुश्रवण किया जाए। कहा कि वे स्वयं भी पाक्षिक रूप से कार्यों का अनुश्रवण करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि जोशीमठ क्षेत्र में रेट्रोफिटिंग का कार्य करने हेतु कंसल्टेंट और विशेषज्ञों को शामिल किया जाए। उन्होंने देश के सबसे अच्छे कंसल्टेंट और विशेषज्ञों को शामिल किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। औली रोप-वे में कराए जाने वाले कार्यों पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव श्री अरविंद सिंह ह्यांकी, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा एवं डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय सहित अन्य उच्चाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चमोली जनपद से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तराखण्ड में 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को मिलेगा पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी का प्रशिक्षण

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में आज सचिवालय में समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड और स्विस एजुकेशन ग्रुप, स्विटजरलैण्ड के मध्य करार किया गया है। स्विस एजुकेशन ग्रुप राज्य में विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम को बेहतर बनाने में भी सहयोग करेगा। उत्तराखण्ड में 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के लिए राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी एवं स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिराज आर्टिनियन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य में विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के तहत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण के लिए यह समझौता आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के साथ ही ईको टूरिज्म, वैलनेस को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

# मेयर ने ट्रांजिट कैम्प को दी सवा किमी हॉट मिक्स सड़क की सौगात

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प वासियों को दुर्गा पूजा से पहले करीब सवा किमी हॉट मिक्स सड़क की सौगात मिली है। मेयर रामपाल के दिशा निर्देश पर सड़क की लेवलिंग का काम शुक्रवार से शुरू हो गया है। जिस पर स्थानीय लोगों ने मेयर रामपाल सिंह का आभार व्यक्त किया।ट्रांजिट कैम्प में थाने के निकट से सुभाष पार्क होते हुए मुख्य बाजार को जाने वाली सड़क लम्बे समय से जर्जर हालत में है। इस सड़क का निर्माण पिछले बीस सालों से नहीं हो पाया है। जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ट्रांजिट कैम्प के लोग कई बार इस सड़क के निर्माण की मांग कर चुके थे। मेयर रामपाल सिंह ने अब दुर्गा पूजा से पहले ट्रांजिट कैम्प वासियों को सड़क की सौगात दी है। आज इस सड़क की लेवलिंग का काम शुरू हो गया है। दुर्गा पूजा से पहले सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। मेयर रामपाल सिंह ने बताया कि ट्रांजिट कैम्प में व्यापक जनहित को देखते हुए ट्रांजिट कैम्प थाने के निकट से सुभाष पार्क से होते हुए मुख्य बाजार



मछली बाजार से होकर पानी की टंकी वाली गली के अंत तक करीब सवा किमी सड़क को हॉट मिक्स किया जा रहा है। आज इसके निर्माण की शुरूआत हो गयी है। दुर्गा पूजा से पहले इसका निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। दुर्गा पूजा से पहले सड़क का निर्माण होने से यहां होने वाली दुर्गा पूजा में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ कराया जाएगा। गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी इसके लिए ठोकेदार को सख्त हिदायत दी गयी है। सड़क एक फुट ऊंची बनाई जाएगी। सड़क की लेवलिंग के बाद इसमें सबसे पहले जीएसबी की लेयर और उसके बाद डब्लू एम एम और उसके बाद सड़क को हॉट मिक्स किया जाएगा। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि जनहित उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने जो भी विकास कार्य कराये हैं वह जनभवनाओं के अनुरूप कराये हैं। आगे भी विकास कार्यों को पूरा कराने के लिए तत्पर रहेंगे।ट्रांजिट की मुख्य सड़क का निर्माण शुरू कराने पर भाजपा नेता उत्तम दत्ता, पार्षद विधान राय, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी, मानस बैरागी, प्रभाष स्वर्णकार, डॉ अजीत, परिमल मण्डल, राकेश दास, शम्भू चक्रवर्ती, सोनू चक्रवर्ती, जपन राय, समीर दास, अरुण डे, सुबीर दास, शंकर विश्वास, कार्तिक सरकार, मंगल विश्वास, समेत तमाम लोगों ने मेयर रामपाल सिंह का आभार व्यक्त किया।

## आप कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

नैनीताल(उद संवाददाता)। दिल्ली के शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किए जाने से पार्टी कार्यकर्ता भड़क गए हैं। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला दहन कर गिरफ्तारी पर आक्रोश प्रकट किया। आरोप लगाया कि देश के तमाम जांच एजेंसियां सत्ताधारी पार्टी के इशारों पर कार्य कर रही हैं, जो व्यक्ति सरकार के विरुद्ध आवाज उठा रहा है। चुप कराने के लिए एजेंसियों का डर दिखाया जा रहा है। प्रदेश संगठन सचिव हेम आर्य के नेतृत्व में आप कार्यकर्ता



मल्लीताल पंत पार्क के समीप एकत्रित हुए। जहां उन्होंने भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। हेम ने आरोप लगाया कि ईडी सरकार के इशारों पर कार्य कर रही है। दिल्ली में सांसद संजय सिंह को षड्यंत्र के तहत फंसा कर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने सरकार पर लोकतंत्र में लोगों की आवाज दबाने का आरोप लगाया।प्रदर्शन करने वालों में नगर अध्यक्ष भुवन आर्य, नगर महामंत्री प्रमोद सचदेवा, नफीस अहमद, शबाना परवीन, विद्या देवी, अजय कुमार, तरुण कुमार, आकाश कुमार, मोहित कुमार, पूजा बिष्ट, अंकित आर्य, शोभित पवार, अंजुम खान, समीर आदि थे।

# विकास योजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा करें : अजय टम्टा

चंपावत(उद संवाददाता)। जिला कार्यालय सभागार में सांसद अजयटम्टा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( रुदिशा ) की बैठक, केंद्रीय संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आमजन तक योजनाओं का लाभ पंहुचाने के दिए निर्देश दिये है। सांसद ने केन्द्र पोषित योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजनाओं का लाभ वास्तव में पात्र व्यक्तियों को मिले इस ओर विशेष ध्यान रखा जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए जिले में केन्द्रपोषित विभिन्न योजनाओं की वर्तमान प्रगति की जानकारी दी। जनपद में अमृत सरोवरों के निर्माण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कुल 75 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है। इन सरोवरों से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जोड़े जाने हेतु इनमें मत्स्यपालन भी कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुये जनपद के चिकित्सालयों में मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में मुख्य चिकित्साधिकारी ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय में आईसीयू और डायलिसिस का संचालन हो रहा है और प्रतिदिन 1200 ओपीडी



की जा रही है। इस संबंध में सांसद श्री टमटा ने सीएमओ को निर्देश दिए कि आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर से बेहतर लाभ मिले इसके लिये व्यक्तिगत तौर पर भी बेहतर प्रयास किये जाय। इस दौरान सांसद ने लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जनपद में किये जा रहे सड़क नर्माण आदि कार्यों की भी विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि जो भी निर्माण किए जाते हैं उनमें समयबद्धता व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई ने बताया कि जनपद में सड़क निर्माण के 11 कार्य अवशेष हैं, जिनमें 3 ब्रिज, 1 स्टेज वन और 7 कार्य स्टेज 2 में अवशेष है। इस संबंध में सांसद द्वारा धीमी गति से हो रहे कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए अवशेष कार्यों को शीघ्र ही पुरा कर आमलोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में जो भी समस्यायें आ रही हैं उनके निराकरण के लिये प्लान बनाया जाय ताकि शिक्षा में गुणात्मक सुधार किया जा सके। उन्होंने विद्यालयों में पानी, शौचालय, विद्युत, फर्नीचर सहित मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने का प्रयास करने के निर्देश दिए। प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि भजनपुर और फागपुर विद्यालयों का सीएसआर फंड से पुन: निर्माण हो रहा है। साथ ही 137 विद्यालय में संपर्क फाउंडेशन से शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान ईई जल संस्थान ने बताया कि जलजीवन मिशन के अन्तर्गत लक्ष्य 45314 के सापेक्ष 40985 पूर्ण कर लिए गए हैं और अवशेष को भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग में बनाई जा रही सुरक्षा दीवारों पर कहा कि जिन स्थानों पर सुरक्षा दीवार नहीं बननी है और वहा पक्की चट्टान है ऐसे स्थानों पर सुरक्षा दीवार बनाई जा रही है। जिस पर सांसद टम्टा ने ईई एनएच को कार्य को गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नगर में विभिन्न स्थानों पर नालों के बंद होने, संकरे होने की समस्या रखी। जिस सबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, ब्लॉक प्रमुख चंपावत रेखा देवी, पाटी सुमनलता, बाराकोट विनीता फर्त्याल, विधायक प्रतिनिधि चंपावत प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे, प्रभागीय वनाधिकारी आरसी कांडपाल, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत समेत विभिन्न जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. तृप्ति ने 101 गांवों की मिट्टी से अमृत कलश यात्रा निकालने का लिया संकल्प

देहरादून(उद संवाददाता)। माया ग्रुप की प्रबंध निदेशक, डॉ तृप्ति जुयाल सेमवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत उत्तराखंड के 101 गांवों की मिट्टी एकत्र करने का अभियान शुरू किया। अमृत कलश यात्रा महासू मंदिर, हनोल से शुरू की गई है जो कि 24 दिनों के बाद यह हनोल, पुरोला, बड़कोट, विकासनगर, चंबा, टिहरी, श्रीनगर, पौडी, कोटद्वार, हरिद्वार, ऋषिकेश होते हुए टपकेश्वर मंदिर, देहरादून में समाप्त होगी। डॉ तृप्ति ने बताया कि मैं भारत देश के नागरिक होने का कर्तव्य निभते हुए उत्तराखंड राज्य के 101 गांवों से मिट्टी ला कर प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा बनाया जा रही अमृत वाटिका में प्रदान करना चाहती हूँ। यह मिट्टी 101 गांवों, विद्यालयो, मंदिरों, शिल्पकारो एवं वीर शहीदों के घरों से एकत्र की जाएगी। मेरी यह ष्अमृत कलश यात्राष महासू मंदिर, हनोल से 2 अक्टूबर, 2023 को शुरू की गई है जो कि 24 दिनों के बाद यह हनोल, पुरोला, विकासनगर, चंबा, टिहरी, श्रीनगर, पौडी, कोटद्वार, हरिद्वार, ऋषिकेश होते हुए टपकेश्वर मंदिर, टपकेश्वर मंदिर देहरादून में समाप्त होगी। इस यात्रा के प्रथम चरण में महासू देवता मंदिर, हनोल, वन्देमातरम फाउंडेशन, कंडियारी गांव, पुरोला, अटल उत्कृष्ट राजकीय



इंटर कॉलेज, गुंडियत गांव पुरोला, राजकीय इंटर कॉलेज, पुरोला, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पुरोला, एसडीएम निवास, पुरोला, लाखा मंडल, सरस्वती विद्या मंदिर, मुंगेरा, नौगांव, ग्राम पंचायत विनागडेरा मल्ला, पुरोला, ग्राम पंचायत सोंदनी, पुरोला से मिट्टी लाई जा चुकी है। एक दिन देहरादून के रक्षक माने जाने वाले चारो सिद्ध कालू सिद्ध लक्ष्मण सिद्ध, मांडू सिद्ध और मानक सिद्ध से भी मिट्टी एकत्र करने की भी योजना है। उसके बाद पौड़ी, कोटद्वार, हरिद्वार एवम हरिद्वार से मिट्टी एकत्र की जानी है। डॉ तृप्ति ने बताया 25 अक्टूबर, 2023 को देहरादून में एक एक भव्य समारोह किया जाएगा। फिर 28 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में हम यह मिट्टी प्रधानमंत्री मोदी को प्रदान करेंगे। पत्रकार वार्ता में डीन कैंपस मनीष पांडेय, आशुतोष बडोला डिप्टी डायरेक्टर एडमिन माया कॉलेज, रितिका मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**गदरपुर में धूमधाम से ...**गयी। जो मुख्य बाजार से होते हुए अनाज मंडी श्रीरामलीला भवन पर संपन्न हुई । यहां पर विधिवत श्रीराम ध्वज को स्थापित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने बताया कि 12 अक्टूबर को श्रीरामलीला का शुभारंभ,15 अक्टूबर को श्रीराम बारात और 24 अक्टूबर को दशहरा धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस मौके पर अशोक धीर, कृष्ण लाल अनेजा, वेदराज बजाज, हरिचन्द छाबड़ा, धर्मचन्द खेड़ा, सतीश छाबड़ा, अजय खेड़ा, टीकम खेड़ा, सुभाष खुराना, विजय सुखीजा, राजकुमार भुड्डी, सोमनाथ छाबड़ा, कृष्ण लाल बत्रा, विजय भुड्डी, मुनि भुसरी, विरेन्द्र बठला, केवल फुटेला, इन्द्रजीत डाबर, अशोक पोपली, अजीत कुमार भुसरी, कृष्ण लाल सुधा, गुलशन छाबड़ा, सिद्धार्थ भुसरी, गुलशन छाबड़ा, संदीप चावला, प्रमोद बजाज, प्रवीन गिल्होत्रा, जगदीश भुड्डी, विजय छाबड़ा, सक्षम ग्रोवर, मनोज बजाज, परमिन्दर बत्रा, राजेश अग्रवाल, टिंकू अनेजा, अनिल जेटली, मंयक चुघ, सतीश छाबड़ा, सहित काफी लोग मौजूद थे।

**रामलीला ग्राउंड में ...**संस्कृति के तहत उस भूमि का भूमि पूजन का एक महत्वपूर्ण प्रथा है। इससे इस पूजन के तहत धरती माता से यह प्रार्थना की जाती है कि हम इस भूमि पर एक मांगलिक धार्मिक आयोजन करना चाहते हैं जिसमें धरती मां का आशीर्वाद सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि भूमि पूजन घर या जमीन तथा कार्यक्रम से संबंधित सभी सदस्यों को किसी भी दुर्घटना से बचाता है। इससे कार्यक्रम स्थल में सकारात्मक ऊर्जा आती है और आयोजक सदस्यों को सौभाग्य भी मिलता है। श्री राम नाटक क्लब के डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशु ने बताया कि आज मंच पूजन के बाद मंच पर प्रभु श्री रामचंद्र जी की लीला के मंचन हेतु पर्दे लगाने सीनरी आदि बनाने साउंड लाइट आदि की व्यवस्था की जानी प्रारंभ हो जाएगी इसी के साथ प्रभु श्री रामलीला के मंचन के लिए आवश्यक ड्रेस उपकरण आदि भी कलाकारों को देने प्रारंभ हो जाएंगे। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के संरक्षक तिलक राज बेहड़, अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोड़ा, कोऑर्डिनेटर नरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर, सुभाष खंडेलवाल, विजय जग्गा, केवल किशन बत्रा, अमित अरोड़ा बॉबी, हरीश अरोड़ा, राकेश सुखीजा, महावीर आजाद, विजय विरमानी, आशीष मिड्ढा, जगदीश टंडन, अमित चावला, गौरव राज बेहड़, राजू छाबड़ा, अशोक गुंबर, संदीप धीर, रघुवीर अरोरा, श्री राम नाटक क्लब के महामंत्री गौरव तनेजा, डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशु, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, रामकृष्ण कन्नौजिया, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी , गौरव बेहड, रमन अरोरा, सुभाष तनेजा, नरेश छाबड़ा, गौरव जग्गा, अजय चड्ढा, पुलकित बाम्बा, सौरव राज बेहड़, अमन गुंबर, नीतीश धीर, राजन राठौर आदि उपस्थित थे।

**ऐतिहासिक होगा ...** ज्योलिकोंग, आदि कैलाश, पार्वती कुंड, गुंजी में आईटीबीपी के जवानों के साथ मुलाकात सहित पिथौरागढ़ जनपद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 अक्टूबर को करीब दोपहर 2 बजे नैनी सैनी हवाई अड्डा पहुंचेंगे और उसके बाद पिथौरागढ़ के वल्दिया स्टेडियम में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उनका रात्रि विश्राम मायावती आश्रम में होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भी भेंट की। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा हल्द्वानी पहुंचने पर मंत्री गणेश जोशी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, सरकार में दावित्वधारी सुरेश भट्ट सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों उपस्थित रहे।

**सड़क हादसे में दो ...**घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल गोपेश्वर ले जाया गया। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक पुलिस कर्मी कहां तैनात थे इस बारे में समाचार लिखने तक पूरा विवरण नहीं मिल पाया था।

**महिला से छेड़छाड़...** ने उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला कुमाऊं कालौनी निवासी एक महिला गत दोपहरे चौराहे पर फल के ठेले से सामान ले रही थी। दसी दौरान एक अज्ञात उससे छेडखानी करते हुये उसका वीडियो बनाने लगा। महिला के फोन मांगने पर युवा गाली गलौच व धक्का मुक्की पर उतर आया । महिला का पुत्र उसके साथ था । लोगों की मदद से युवक को मौके पर पकड़ कर महिला उसे थाने ले आई और पुलिस के सुपुर्द कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर उसके पुराने आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है।

**खुली हवा में ...**में है। उसने मां को यह भी बताया कि सलमान नाम का एक युवक उसे बहला फुसलाकर बिहार लाया है। वह दो-तीन दिन में खुद-ब-खुद वापस घर लौट आएगी। इस बीच जब नियत समय पर किशोरी वापस घर नहीं लौटी तो मां ने दोबारा संपर्क किया तो उसने बताया कि सलमान नामक युवक ने उसे बंधक बना रखा है वह उसे आने नहीं दे रहा है। किशोरी ने मां से मोबाइल फोन पर किसी बस स्टैंड का नाम लेते हुए कहा कि वह यहां तक आ जाए। लव जिहाद के पूरे प्रकरण में पुलिस ने पहले फुसलाकर भगाई गई किशोरी को तो बरामद कर दिया लेकिन किडनैपिंग के अभियुक्त को अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

**झोपड़ियों में ...**पशु चिकित्सक चौधरी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंप दी है। उक्त जानकारी देते हुए समाज सेवक राजकुमार कोली ने बताया की आग लगने के कारणों का पता नही लग पाया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'भगवान' के दर पर भी पैसे का 'बोलबाला'

**बदरी केदार समिति ने वीआईपी एवं वीवीआईपी दर्शन से कमाए करोड़ों, उत्तराखंड में पहली बार की गई वीवीआईपी दर्शनों की व्यवस्था ,तैतीस हजार से अधिक विशिष्ट दर्शनार्थियों ने लिया सुविधा का लाभ**

-अर्श-

रूद्रपुर। समस्त वेद पुराणों एवं तमाम प्रमुख हिंदू धार्मिक ग्रंथो में यह बात बड़ी ही प्रमुखता से बताई गई है तथा प्राय: सभी हिंदुओं का अटूट विश्वास भी यही है कि भगवान सभी भक्तों समान नजर से देखते हैं अर्थात भगवान की नजर में अमीर और गरीब भक्त एक समान है और उनके द्वारा धनवान और निर्धन भक्तों में कोई भेद नहीं किया जाता। पर ऐसा लगता है कि हिंदुओं के प्रमुख आस्था केदो के व्यवस्थापन कार्य से जुड़ी संस्थाएं अपने विसंगति पूर्ण कार्यों के द्वारा भक्तों के इस अटूट विश्वास को कमजोर करने में लगी है। जाहिर है कि अगर भगवान के दर्शन में अमीर और गरीब का भेद किया जाएगा और दर्शनों के लिए फीस निर्धारित की जाएगी, तो 'भगवान के दर पर सभी भक्त समान है' का विश्वास कमजोर होना ही है। अभी तक देवभूमि उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक केंद्र बदरीनाथ एवं केदारनाथ में फीस देकर भगवान के दर्शन, अन्य भक्तों से पहले करने व्यवस्था नहीं थी। आशय यह है कि अमीर व्यक्ति पैसे देकर भगवान के दर्शन गरीब व्यक्ति





से पहले नहीं कर पाता था सभी एक साथ कतार में खड़े रहते थे और अपनी बारी आने पर मंदिर के भीतर जाकर भगवान की पूजा अर्चना एवं दर्शन किया करते थे, मगर इस बार की चार धाम यात्रा का सीजन आरंभ होने पर, चार धाम यात्रा का प्रबंधन करने वाली संस्था बदरी केदार मंदिर समिति ने देवभूमि में भी यह व्यवस्था लागू कर दी। बताना होगा कि बद्री केदार मंदिर समिति को इस बार वीआईपी और वीवीआईपी दर्शन से मोटा मुनाफा हुआ है। यात्रा सीजन के दौरान अब तक बद्री केदार मंदिर समिति ने एक करोड रुपए की कमाई की है। दरअसल इस बार बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में पहली बार वीआईपी और वीवीआईपी दर्शन के लिए 300 रूपये फीस निर्धारित की गई थी। जिसके तहत बड़ी संख्या में वीआईपी दर्शन कराए गए और आने वाले श्रद्धालुओं से ये फीस ली गई। इस फीस से अब तक बद्री केदार मंदिर समिति को लगभग एक करोड़ रुपए कमाई हुई है। यह खुलासा स्वयं बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने किया है। उन्होंने बताया कि बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम में इस बार वीआईपी और वीवीआईपी दर्शन के लिए शुल्क लगाया गया। यह व्यवस्था उत्तराखंड में पहली बार की गई थी और चालू यात्रा सीजन में अब तक दोनों धामों में वीआईपी दर्शन से बद्री केदार समिति को एक करोड रुपए की कमाई हुई है। उन्होंने कहा कि देश के अन्य मंदिरों में यह व्यवस्था पहले से ही लागू है। इसलिए बद्री केदार मंदिर समिति ने भी उन मंदिरों का अध्यन कर केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में वीआईपी और वीवीआईपी दर्शन के लिए फीस लागू की है। उनके अनुसार बीकेटीसी ने देश के चार बड़े मंदिरों का अध्ययन करने के बाद इस सुविधा को व्यवस्था को अमल मिलने का फैसला किया है। इस साल यात्रा सीजन से पहले बद्री केदार मंदिर समिति की टीम ने देश के चार बड़े मंदिरों के दौरे किए थे। जिसमें वैष्णो देवी,सोमनाथ मंदिर, तिरुपति बालाजी और महाकाल मंदिर शामिल थे । इन मंदिरों में कई तरह की व्यवस्थाएं देखने को मिली, जिनमें विशिष्ट और अति विशिष्ट श्रद्धालुओं के लिए शुल्क भी लागू था। इन मंदिरों के अध्ययन के बाद बदरी केदार मंदिर समिति ने केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में भी वीआईपी दर्शन के लिए शुल्क लगाने का फैसला किया। इसके बाद इस यात्रा सीजन में बद्री केदार मंदिर समिति को तकरीबन एक करोड़ रुपए की कमाई हो चुकी है और आगामी 2 महीने में और भी कमाई की उम्मीद है।जानकारी के मुताबिक अब तक लगभग 33 हजार से ज्यादा विशिष्ट और अति विशिष्ट यात्री केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में दर्शन कर चुके है । वहीं अगर चारों धाम पहुंचे कुल श्रद्धालुओं की बात की जाए ,तो अब तक तकरीबन 45 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चारों धाम में दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं और यह संख्या आगामी दो माह में करोड़ भी छू जाए तो आश्चर्य ना होगा।

## सड़कों के कायाकल्प के आश्वासन पर व्यापारियों का आंदोलन समाप्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर की बदलहाल सड़कों का अब जल्द ही कायाकलप होगा। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने व्यापारियों को यह आश्वासन देने के बाद भूख हड़ताल पर बैठे जिला महासचिव हर्षवर्द्धन पाण्डे को जूस पिलावा का आंदोलन को स्थागित कर दिया। साथ ही संगठन ने चेताते हुए कहा कि अगर नगर आयुक्त द्वारा दी गयी सड़क सुधारीकरण की कार्यवाही पूर्ण नहीं होती है तो उनका आंदोलन पुन: चालू हो जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।ज्ञातव्य हो कि महानगर की बदहाल सड़कों के सुधारीकरण को लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के युवा जिलाध्यक्ष सौरभ भट्ट विगत चार दिनों से बुधपार्क में भूख हड़ताल पर थे। नगर निगम की मूर्कदर्शिता के चलते आक्रोशित व्यापारियों ने जूलूस निकाल कर नगर आयुक्त का घेराव किया। जिस एक घंटे चली वार्ता में कोई हल निकलने के बाद व्यापारीगण वापस अनशन स्थल पर पहुंच गये। लेकिन कुछ देर बाद पुलिस टीम द्वारा जबरन भूख हड़ताल में बैठे सौरभ भट्ट को उठवा लिया और अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर इसके बाद जिला महासचिव हर्षवर्द्धन पाण्डे ने नगर निगम व पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए स्वयं भूख हड़ताल पर बैठ गये थे। देर सायं जब संगठन के पदाधिकारियों द्वारा नगर आयुक्त से वार्ता कर सड़को के निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। नगर आयुक्त द्वारा सभी सड़को के सुधारीकरण की बात कहीं। जिससे प्रदेश नेतृत्व ने संतुष्टि जताते हुए गुरूवार की रात को ही आंदोलन स्थल में पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, प्रदेश मंत्री दिगंबर वर्मा ने भूख हड़ताल पर बैठे हर्ष वर्द्धन पांडे को जूस पिलवा कर आंदोलन को स्थागित करवाया।संगठन के पदाधिकारियों ने नगर निगम प्रशासन को चेताते हुए कहा कि भविष्य में यदि नगर आयुक्त द्वारा दी गयी सड़क सुधारीकरण की कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई तो पुन: आंदोलन चलाया जायेगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। भूख हड़ताल स्थगित करते समय जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, युवा जिला महामंत्री मधुकर बनोला , हेमंत भय्यू, अतुल प्रताप सिंह, सोनू बिनवाल सहित व्यापारी उपस्थित रहे।

## पति से कहासुनी पर पत्नी ने फांसी लगाकर दे दी जान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामपुर रोड स्थित एक महिला ने किसी बात को लेकर पति से हुई कहासुनी के बाद गुस्से में आकर घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वही महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रामपुर रोड कालीपुर घुड़दौड़ा निवासी कृष्ण चंद्र अपने परिवार के साथ यहां रहता है। बताया जा रहा है कि गत सुबह वह घर से बाहर काम के लिए गया तो घर पर उसकी 45 वर्षीय पत्नी नीलम ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि परिवार में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जिसके चलते नीलम ने यह कदम उठाया। सुबह कृष्ण चंद्र करीब 8 बजे घर लौटा तो कमरे का नजारा देख उसके होश उड़ गये। पत्नी का शव लटक रहा था। आनन-फानन में उसने शव को फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।